तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



10 समाज को मजबूत करने की है जरूरत : चंद्राकर



12 शराब दुकान को लेकर बवाल, कोपरा में समर्थन...











## खबर संक्षेप

### खुड़ियाडिह में भक्त माता कर्मा जयंती आज

**छुईहा बेलर।** भक्त शिरोमणि कर्मा माता की जयंती 25 मार्च को खुडियाडिही में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम साहू समाज बोरसी परिक्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित है। साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, सरपंच खूटेरी बेनी शंकर साहू, साहू समाज उपाध्यक्ष ओमकार साहू, सुनिति साहू, सचिव चमन साहू, कोषाध्यक्ष चिंता राम साहू, संगठन मंत्री रामू राम साहू, अंकेक्षक पिताम्बर साहू, बिसाहू साहू, नंदकुमार, डिगेश ने कहा कि साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी के संयोजन से पापमोचनी एकादशी के पावन दिवस में 25 मार्च को भक्त शिरोमणि कर्मा माता की जयंती मनाई जायेगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे कलश यात्रा, संगीतमय रामायण 11 बजे, अपरांत 3 बजे अतिथि स्वागत, उद्बोधन एंव आमंत्रित अतिथियों का सम्मान समारोह होगें। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, साहू समाज प्रदेश उपाध्यक्ष भूनेश्वर साहू, जिला साहू अध्यक्ष नारायण साहू, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू व ग्राम पदाधिकारी शामिल हैं।



### 1 अप्रैल से आंबा केंद्र का संचालन 7 बजे से

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया है कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 01 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घण्टे से घटाकर 04 घण्टे करें। उन्होंने कहा कि समयावधि में उक्त परिवर्तन करने पर केन्द्र संचालन प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरांत 01 जुलाई से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन प्रातः 09:30 से 03:30 तक 06 घण्टे के लिये किया जायेगा।

### संत माता कर्मा की जयंती साहू समाज आज मनाएगा

**अभनपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिक्षेत्र साहू समाज एवं ग्राम साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में पाप मोचनी एकादशी 25 मार्च मंगलवार को देवी संत माताकर्मा जी के जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। कार्यक्रम की जानकारी देते मीडिया प्रभारी घासू राम साहू ने बताया कि परिक्षेत्र भवन स्थित संत कर्मा माता के मंदिर में सुबह पूजा अर्चना के पश्चात आए हुए अतिथि का स्वागत किया जायेगा उसके बाद माताजी की खिचड़ी व महाप्रसादी वितरण की जाएगी तथा अतिथि एवं मंदिर समिति के सदस्य भवन निर्माण समिति के सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। इसी दौरान विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा कर्मा माता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा जो 25 से 31 मार्च तक क्षेत्र के 33 गांवो का भ्रमण करेगी,कार्यक्रम का समापन 31 मार्च को अभनपुर नगर बस्ती में होगा जहां पर सामूहिक विवाह भी संपन्न होगा ।

**विडंबना :** पर्यटन विभाग की उदासीनता से पर्यटकों को नहीं मिल रही सुविधा

# सूचना केंद्र व कैफेटेरिया हुआ औचित्यहीन पर्यटकों के लिए कुर्सी और पंखे तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों में पर्यटन सूचना केंद्र सह कैफेटेरिया की स्थापना राजिम में की गई है। जहां बाहर से आने वाले पर्यटक धार्मिक स्थलों की जानकारी एवं महत्व को और बेहतर तरह से जान पाए। पिछले सरकार ने पर्यटन केंद्रों को राम वन पथगमन के माध्यम से चिन्हांकित कर पर्यटन को बढ़ावा देने की भी पुरजोर कोशिश की थी। उसी कड़ी को आगे जोड़ते हुए वर्तमान सरकार द्वारा भी पर्यटन स्थलों पर सूचना केंद्र, कैफेटेरिया एवं पर्यटकों को रुकने के लिए रेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया है। छत्तीसगढ़ में राजिम, धार्मिक एवं प्राकृतिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। रोज हजारों की संख्या में पर्यटक भगवान श्री राजीव लोचन एवं श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन एवं पवित्र संगम में डुबकी लगाने तथा मृतात्मा के शांति के लिए अस्थि विसर्जन व शांति पूजा के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से लोग आते है। राजिम में लाखों की लागत से बने पर्यटन सूचना केंद्र एवं कैफेटेरिया की जानकारी एवं प्रचार के अभाव में कोई उपयोगिता नहीं है। राजिम के वीआईपी रोड पर भव्य आकर्षक पीले ▶▶| शेष पेज 10 पर



### शौचालय में जड़ा है ताला

राजीव लोचन मंदिर के करीब पार्किंग स्थल से लगा हुआ सर्वसुविधा युक्त शौचालय का निर्माण लगभग 2500 वर्गफुट में है। किंतु आसपास लोगों ने बताया कि शौचालय साल भर बंद रहता है। केवल राजिम मेला के दौरान शौचालय खोला जाता है। शौचालय पर लगे बोर्ड में पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित होने की जानकारी लिखी गई है। रोज हजारों की संख्या में राजिम आने वाले पर्यटकों को शौच के लिए भटकना पड़ता है। महिला पर्यटकों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य पर्यटन स्थल राजीव लोचन मंदिर के करीब शौचालय साल में केवल 15 दिन के लिए ही खोला जाता है। शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### मेले के समय ही आते हैं अधिकारी

इस संबंध में पर्यटन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी प्रताप पारख से बात करने की कोशिश की गई परंतु बात नहीं हो पाई। वैसे बता दें कि केवल मेले के समय ही राजधानी रायपुर से विभाग के अधिकारी बमुश्किल दो-चार दिन आ जाते होंगे तो बहुत है वर्ना उन्हें राजिम जैसे धार्मिक नगरी से शायद कोई वास्ता नहीं है।



# नहर पानी से अवैध सिंचाई, 4 गांवों में पंप जब्त की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पैरी नहर जल संसाधन उप संभाग क्रमांक 2 पाण्डुका के द्वारा अवैध रूप से नहरों में विद्युत पंप लगाकर पानी चोरी कर रहे लोगों पर वरिष्ठ अधिकारिओं के निर्देशानुसार व नियमानुसार विद्युत मोटर जब्त करने की कार्यवाही ग्राम आसरा, मोहतरा, अतरमरा, व कुटेना में कि गई। साथ ही किसानों से अपील की जा रही है की पानी व्यर्थ बर्बाद न करें पानी का सदुपयोग करें। इस कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी एमके पांडोरिया, उपभियंता दुर्गेश सोनकर, स्थल सहायक सिद्धांर्थ देवांगन, जितेंद्र साहू व समस्त मैदानी कर्मचारीयों व पुलिस बल का सहयोग रहा। कहा कि कार्यवाही सतत जारी रहेगी जिस कारण राजिम, फिंगेश्वर व पाण्डुका अनुविभाग के अंतर्गत रवि फसल 2025 के प्रस्तावित अंतिम छोर के किसानो को लाभ मिल सके ।

# पंचायत सचिवों की मांगों का समर्थन देने पहुंचे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



सोमवार को विकास खंड फिंगेश्वर के पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग का 8 वे दिन मे भी अनिश्चित कालीन धरना जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू के नेतृत्व मे जार रहा। धरने को समर्थन देने कांग्रेस सहित जनप्रतिनिधी धरना स्थल पहुंचकर समर्थन करते हुए मांगो को जायज बताया। ग्राम के दर दर पर हर घर पर शासन की योजनाओं को पहुंचाने वाले पंचायत सचिवों की मांग को लेकर अध्यक्ष ब्लाक कमेटी कांग्रेस एवं ग्राम पंचायत रोहिना के सरपंच रुपेश साहू, फिंगेश्वर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी,पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत एवं पार्षद अनिल चंद्राक धरना मंच मे पहुंचकर समर्थन दिया। रूपेश साहू ने कहा कि अतिथि पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग को पूर्णतः जायज है और मोदी जी के गारंटी मे शामिल है इसलिए राज्य सरकार को इस मांग को तत्काल पूरा करना चाहिए, क्योंकि पंचायत सचिवों की शासकीयकरण न होना बहुत दुख की बात है और पंचायत सचिव ग्राम पंचायत की एक नींव है जिसके बिना पंचायत की समस्त शासकीय कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसलिए सरकार को शीघ्र ही इस मांग को अमल करना चाहिए।इसी प्रकार सभी समर्थन कारियो ने पंचायत सचिव की मांग को उचित बताते हुए राज्य सरकार को शीघ्र पूरी करने की अपील की।उक्त धरना स्थल मे जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, जिला सचिव हेमकुमार पटेल, फिंगेश्वर ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द साहू सचिव संघ फिंगेश्वर, उपाध्यक्ष रेवा राम ढीढी, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, सहसचिव चंद्रकांत साहू, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, सोना राम वर्मा, चंद्रकांत तिवारी, तुलस साहू, संतोष साहू, हुकूमत साहू, यशवंत साहू, भैया राम साहू, चेमन साहू, चेतन साहू, भैया राम साहू, बुदेश्वर चिंता राम सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, गोपेश सेन सहित समस्त सचिव उपस्थित रहे।

# डिलिवरी में लापरवाही, चार घंटे कोशिश के बाद किया गया रिफर, जच्चा-बच्चा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

हरिभूमि फॉलोअप

जिले के देवभोग टीकरापारा के अवैध क्लिनिक में 4 घंटे तक प्रसूता को रोके रखा गया। खून बहने से प्रसूताअधमरी हो गई वहीं पति जनरेटर ढूंढता रहा। केस बिगड़ा तो ओडिसा के निजी क्लिनिक रेफर किया, जहां आदिवासी महिला की हो गई मौत।

- अवैध क्लीनिक को शील कर पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा देने की मांग

अवैध प्रसव के लिए बदनाम टिकरापारा का अवैध क्लिनिक एक बार फिर एक परिवार के घर उजाड़ने की वजह बन गया। मामला शुक्रवार देर रात की है, जब मैनपुर विकासखण्ड के डूमाघाट निवासी पदमन नेताम की पत्नी योगेंद्री को प्रथम गर्भ में प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर ने भर्ती किया। जहां समय नहीं होना बता कर पीड़िता को लौटा दिया गया था। लेकिन परिजनों ने समय का इंतजार करने के बजाए सीधे किराए के बोलेरो से रात करीबन साढ़े 8 बजे टीकरापारा में संचालित अवैध क्लिनिक पहुंचे। पति पदमन ने बताया कि इस क्लिनिक के संचालक ने 4 घंटा तक ▶▶| शेष पेज 10 पर



### न्याय की उम्मीद



मृतका के परिवार ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर सही समय पर रेफर किया जाता या पहले से ऑपरेशन कर दिया जाता, तो शायद मां और बच्चा दोनों बच सकते थे। अब देखने वाली बात होगी कि क्या सरकार इस मामले में न्याय दिलाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी अन्य स्वास्थ्य लापरवाहियों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

### कार्यवाही की जायेगी

सीएमएचओ गार्गी यदु ने कहा की देवभोग के टिकरापारा में कोई भी क्लिनिक संचालन की अनुमति या लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। अगर वहा प्रसव किया जा रहा है।या उसके प्रयास भी किए गए है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### 2019 में क्लिनिक हुआ था सील

लगातार अवैध प्रसव की शिकायत पर जिला स्तरीय टीम ने टिकरा पारा में संचालित अवैध क्लिनिक में छापेमारी किया था, जहां से एक्यू मशीन, सीजीरियन उपक्रम, गर्भपात के दवा के अलावा सरकारी दवा मिले थे। नर्सिंग एक्ट के उल्लंघन के तहत क्लिनिक को सिल कर दिया गया था। तब इस क्लिनिक का संचालन एक एमबीबीएस डॉक्टर कर रहा था, जिसके बर्खास्तगी के बाद वह ओडिसा सरकार में नौकरी हासिल किया। उसके जाने के बाद भी इस बेनामी क्लिनिक में लगातार अवैध प्रसव किए जाते रहे हैं। इस क्लिनिक का नर्सिंग एक्ट के तहत कोई पंजीयन नहीं है फिर भी इसे कुछ दबंगों द्वारा स्थानीय प्रशासन से सेटिंग कर चलाया जा रहा है।

**एसडीओपी पुलिस, एसडीएम, तहसीलदार एवं स्वास्थ्य विभाग लोगों से कर रहे हैं चर्चा**

# इन्दागांव में आत्महत्या का मामला बढ़ा, शांति के लिए पूजा का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ का एक गांव ऐसा है, जहां 20 दिनों के भीतर 3 लोगों ने आत्महत्या की है। वहीं 15 लोगों को आत्महत्या के प्रयास करते बचाया गया। बता दें कि इस गांव में 200 से ज्यादा हायर सेकंडरी पास बेरोजगार हैं। 400 से ज्यादा ऐसे कृषक हैं, जो 382 हेक्टेयर भूमि कृषि कार्य करते तो हैं पर उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलता। पट्टा बनाने चार पीढ़ी से दफ्तर का चक्कर काट रहे। हम बात कर रहे हैं मैंनपुर ब्लॉक के इन्दागांव की, यहां की आबादी 3500 से ज्यादा है, लेकिन यह गांव सुर्खियों में तब आया जब यहां के युवाओं के आत्महत्या की चलन अचानक 20 दिनों में बढ़ गई। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 40 किमी दूर देवभोग मार्ग में नेशनल हाइवे के ऊपर बसे ग्राम इंदागांव में 3 मार्च से 21 मार्च तक कुल 11 लोगों ने आत्महत्या के प्रयास किए, जिसमें 3 अपने इरादे में सफल हो गए इंदागांव के आश्रित ग्राम भेजाकोटपारा में आत्महत्या के प्रयास करने वालों की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है। इस मोहल्ले से अब तक 15 लोगों के नाम सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद मैनपुर एसडीएम, एसडीओपी और बीएमओ गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों की काउंसिल किए. इस मामले में गरियाबंद सीएमएचओ गार्गी यदु ने कहा कि मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों का दल प्राथमिक काउंसलिंग ▶▶| शेष पेज 10 पर





### गांव में देवी-देवताओं की पूजा कर शांति की कामना

लगातार आत्महत्या के मामले समाने आने के बाद इंदागांव पहुंचकर वजह जानने की कोशिश की. गांव के सरपंच, पंच, कोटवार, पटेल, पुजारी से लेकर 100 से ज्यादा ग्राम प्रमुख माता देवालय के पास मौजूद थे, जो ग्राम देवी को आह्वान कर गांव में शांति की कामना के लिए पूजन कर रहे थे. ग्राम पुजारी सुंदर ने बताया कि लगातार बढ़ रहे मामले से गांव में भय व्याप्त है. आत्महत्या का प्रयास थमने का नाम नहीं ले रहा. ग्रामीणों की इच्छा अनुरूप शांति के लिए देवी का आवाह पूजन किया जा रहा है।

# जिले में 16 हजार 870 असाक्षरों को साक्षर करने की विशेष पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के आदेशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का वृहद आयोजन किया गया। जिले भर के उल्लास केन्द्रों में अध्यनरत असाक्षर शिक्षार्थी महापरीक्षा में शामिल हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी में नेवता पाती भेजकर प्रत्येक असाक्षर शिक्षार्थियों को 'हमर पढ़ाई हमर अभिमान पढ़ लिख के पाबो सम्मान' महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई थी।



जिसका जिले में अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला। डीपीओ श्री बुद्धविलास सिंह के द्वारा जिले भर में महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर व्यापक तैयारी की गई थी। जिसमें प्रत्येक स्तर पर परीक्षा को सफल बनाने के लिए आवश्यकता अनुसार वातावरण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### माता कर्मा भक्ति, सेवा व समर्पण की है प्रतीक

**छुईहा बेलर।** जिले के सामाजिक कार्यकर्ता इलाज वाले बाबा रूपसिंग साहू ने जिले एवं



प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर निज ग्राम देवगांव में कहा कि, माता कर्मा भक्ति, सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतीक हैं। वे तैलिक (साहू) समाज की आराध्य देवी हैं, जिनकी गौरव गाथा हजारों वर्षों से जन-जन के हृदय में श्रद्धा और भक्ति के भाव से पूजित है। साहू ने बताया कि माता कर्मा देवी का जन्म पापमोचनी एकादशी पर हुआ था। इस वर्ष उनकी जयंती 25 मार्च को मनाई जाएगी।

### मानस गान सुवा नृत्य व फाग की मची धूम



**अभनपुर।** ग्राम खंडवा (नवा रायपुर) में प्रति वर्ष अनुसार होली पर्व एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामधुनी मानस गान सुवा नृत्य एवं फाग उत्सव का संपन्न हुआ,उत्सव मे बेलर चंडी से श्री राम मानस मंडली, कोसमखुटा से मां शारदा सुआ के संदेश, गुदगुदा से जय छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली छिपली, मगर रोड से संगी जहुरिया फाग मंडली तथा पाटेश्वर धाम से आए हुए बालयोगी महा त्यागी संत श्री रामबालक दास महाराज जी का सुखद प्रवचन हुआ जिसमें गांव सहित आसपास के लोगो ने भरपूर आनंद लिया,कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संत राम साहू ,पूर्व जनपद सदस्य राजू तारवानी शामिल हुये। इस मौक पर सरपंच जगदीश भारती,मिथलेश गुरूजी, नरेन्द्र कुमार साहू, तुकेश, हरिलाल ,बलराम पटेल ,गुलशन ,युगांग व सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सम्मान : कुर्मी समाज ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

# समाज को मजबूत करने की है जरुरत : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज महासभा द्वारा रविवार को कूर्मि भवन में समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गरियाबंद जिले में निवासरत कुर्मी समाज के सभी फिरकों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गरियाबंद भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, छुरा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, फिंगेश्वर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद अनिल चंद्राकर, नवपारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नवपारा नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मगरलोड जनपद सदस्य अनिता देशमुख, सिरीर्खुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा, तरीघाट के सरपंच प्रतिनिधि भोला वर्मा, छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला महामंत्री भानुप्रताप भारद्वाज, कार्यकारी अध्यक्ष सोहन वर्मा, सहित समाज के समस्त पदाधिकारियों व सभी फिरकों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत समाज के पुरोधा क्षत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर की गई। समाज को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि समाज में एकजुटता के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन जरुरी है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें एक साथ लेकर चलने और समाज को मजबूत करने की जरुरत है। कूर्मि समाज प्रारंभ से ही नेतृत्व करने वाला समाज रहा है। संख्या बल में भले ही कम हो सकते हैं लेकिन हमारा प्रारब्ध कमी कमजोर नहीं रहा जिसके कारण राजनीति तथा अनेक क्षेत्र के महत्वपूर्ण पदों पर हमारे समाज के लोगों को देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि जब भी समाज को किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी समाज के व्यक्ति होने के नाते सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा व समाज को नई दिशा देने में एकजुटता के साथ जुड़े रहेंगे।



### रंगों के त्योहार होली से सीख लें

नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कहा कि रंगों के त्योहार होली से सीख लेने की आवश्यकता है। होली मिलन के बहाने आयोजित इस सम्मान समारोह में एकजुटता देखने को मिल रही है इसे बनाए रखना है ताकि सामाजिक संगठन मजबूती से अग्रसर हो। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्मृतिचिन्ह, गमछा और श्रीफल भेंटकर पदाधिकारियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने की। इस दौरान प्रमुख रूप से संरक्षक रामबिशाल वर्मा, गोपाल वर्मा, तिरेला कूर्मि समाज के अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, दिल्लीवार कूर्मि समाज के पूर्व अध्यक्ष आशाराम देशमुख, मनवा कूर्मि समाज के अध्यक्ष गुलाब वर्मा, पूजा वर्मा, जमुना वर्मा, रत्ना वर्मा, बिंदा वर्मा, लिकेश्वरी वर्मा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर विकास के सदैव रहूंगा तत्पर : महेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम वार्ड क्रमांक 3 पटेलपारा में वार्डवासियों द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पार्षद जानकी पटेल, सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित प्रतिभावान 40 छात्र-छात्राएं, बुजुर्गों, युवाओं का सम्मान किया गया। होली मिलन समारोह में वार्ड के युवाओं द्वारा फाग गीतों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पूरे मोहल्ला वासी नंगाड़ो की ताल पर झूमते और थिरकते नजर आए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं बल्कि आपका बेटा हूं, आपने जो भारी बहुमत से मुझे आशीर्वाद देकर जिताया है, मै जिंदगी भर आभारी रहूंगा। आपका बेटा बनकर आपके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा तथा नगर के विकास में हमेशा संकल्पित रहूंगा। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज व कुम्भ नगरी राजिम का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। आशीष शिंदे ने कहा कि हमारा वार्ड बहुत ही संगठित हैं, किसी के सुख-दुख में सभी भाईचारा के साथ एक दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। पार्षद जानकी पटेल ने कहा कि समस्याओ से नगर अध्यक्ष को अवगत कराकर जल्द से जल्द निराकरण करने करेंगे। कार्यक्रम का संचालन पटेल समाज के जिला अध्यक्ष, सेजस आत्मानंद के सांसद प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया, आभार व्यक्त भाजपा के बूथ अध्यक्ष दिलीप पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम दुबे, गज्जू पटेल, मेहत्तर पटेल, मनीराम पटेल, विक्रम पटेल, पिंटू पटेल, थानेश्वर पटेल, लोकेश चक्रधारी, गोलू साहू, रामकुमार गुप्ता, लता सेन, शांति पटेल, कमल पटेल, राधा पटेल, लता निर्मलकर, बिंदु निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, मनोज पटेल, हेमंत पटेल, सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में वार्ड वासी उपस्थित हुए।

## पेज 11 के शेष...

### सूचना केंद्र व...

रंग का आश्रमनुमा दिखने वाला भवन वास्तव में पर्यटन विभाग का सूचना केंद्र एवं कैफेटेरिया है। जहां राजिम आने वाले पर्यटक कुछ देर रुक कर आराम कर सकते है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों को जानकारी प्राप्त कर सकते है। निर्धारित शुल्क देकर भोजन भी कर सकते है। किंतु पर्यटन सूचना केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिए कोई भी बोर्ड नहीं लगा है। केंद्र में पर्यटकों के लिए कुर्सी, पंखे तक नहीं है। पर्यटकों के लिए पानी भी नहीं है। पानी यदि पीना है तो बोर तक जाकर पीना पड़ेगा। भवन में 2 बड़े हाल एवं किचन उपलब्ध है। कैफेटेरिया के लिए आवश्यक सामग्री फ्रिज, टेबल एवं बर्तन अब भी पैक्ड है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण सूचना केंद्र सह कैफेटेरिया का लाभ लोगो को नहीं मिल पा रहा है।

### डिलिवरी में लापरवाही...

रोके रखा। चीरा लगा कर बच्चे को बाहर निकालने की कोशिश किया, बिजली गुल हुआ तो जनरेटर ढूंढने पति देवभोग भेज दिया। 4 घंटे में खून बह गया था, पानी डिस्चार्ज हो गया था, बच्चा बीच में फंसा रहा। जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही योगेंद्री को संचालक ने आधी रात ओड़िशा के धर्मगढ़ के एक निजी अस्पताल भेज दिया। जहां जाते ही कुछ देर बाद मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पदमन ने कहा कि मरने के बाद भी 10 हजार फिस चुकाना पड़ा। फिर शव लाने 10 हजार अतरिक्त लग गए।

**ड्राइवर के लालच या मजबूरी का खेल?** - परिजनों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल से संतोषजनक इलाज न मिलने के कारण महिला को टिकरापारा के एक निजी क्लिनिक ले जाया गया, क्षेत्र की डिलीवरी पेशेंट को टिकरापारा ले जाकर इलाज करने का रिवाज कई दिनों से चले आ रहा है । सूत्रें के मुताबिक जो भी ड्राइवर वहां पर जचकी कराने मरीज को लाता है, उक्त ड्राइवर को कमीशन के तौर पर 1500 दिया जाता है। यह आरोप गंभीर है, क्योंकि अगर यह सच है, तो यह साफ करता है कि मरीजों को जानबूझकर गलत दिशा में धकेला जा रहा है, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की साख पर भी सवाल खड़े होते हैं।

**50 लाख रुपए मुआवजा की मांग-** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिशद महिला मोर्चा अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधियो ने सोमवार को इस मामले में गरियाबंद जिले के कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर मांग किया कि देवभोग टिकरापारा में संचालित अवैध क्लीनिक संचालक की लापरवाही से हुए आदिवासी समाज के प्रसुता एवं अजन्मे बच्चे की मौत पर क्लीनिक संचालक पर कठोर कार्यवाही किया जाये। अवैध क्लीनिक को शील कर पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा राशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए।

### इन्दागांव में आत्महत्या...

कर आई है आत्महत्या के प्रयास करने वालों का अलग-अलग काउंसिल करने के अलावा उत्पन्न सभी हालातों की विस्तृत जानकारी का जायजा लेगी. उसके बाद ही सटीक कारणों को बताया जा सकेगा।

**बेरोजगारी और नशे को भी आत्महत्या का कारण बताया-** ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि केसरी ध्रुव, पूर्व उपसरपंच रूप सिंह बस्तिया ने बताया कि गांव में 12वीं पास बेरोजगारों की संख्या 280 है। इनमें से आधे आंधप्रदेश मजदूरी करके लौट चुके हैं। कुछ आज भी मजदूरी करते हैं। आत्महत्या का प्रयास करने वाले ज्यादातर विवाहित बेरोजगार हैं। काम होता तो शारीरिक और मानसिक रूप से व्यस्त रहते पर यहां काम का अभाव है।

**एसडीएम, एसडीओपी भी गांव में पहुंचकर बैठक लेकर कारणों का पता लगाने में जूटे-** अचानक ग्राम इंदागांव में आत्महत्या के मामले सामने के बाद सबसे पहले यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर मनोचिकित्सक डाक्टर द्वारा लोगो व युवाओं को समझाइस दिया गया इसके बाद मामला और आगे बढ़ने पर अब पूरे जिला प्रशासन की नजर इस गांव की तरफ है। मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे, एसडीओपी विकास पाटले, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, तहसीलदार गेंदलाल साहू एवं मनोचिकित्सा विभाग के डाक्टरो की टीम ग्राम इंदागांव पहुंचकर ग्रामीणों एवं युवाओ की बैठक लेकर चर्चा किया तो इसमें आत्महत्या के कई कारण सामने आये हैं।

**कारणों का पता लगाया जा रहा-** मैनपुर तहसीलदार गैंदलाल साहू ने बताया कि ग्राम इंदागांव में पिछले एक पखवाड़े में तीन लोगों के आत्महत्या के मामले सामने आए हैं साथ ही कई लोग आत्महत्या के प्रयास किए हैं जिसकी जानकारी लगते ही मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे, एसडीओपी विकास पाटले, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव व स्वास्थ्य विभाग का अमला गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किया जा रहा है। आत्महत्या के अलग -अलग कारण सामने आ रहे हैं। उन्होने बताया की गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनोचिकित्सक डॉक्टर की उपस्थिति में कारणों का पता लगाया जा रहा है शिविर लगाया जा रहा है उसके बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

### जिले में 16 हजार...

निर्माण एवं व्यापक प्रचार प्रचार भी किया गया था। सभी प्रभारी शिक्षकों द्वारा विभिन्न ग्रामों में महापरीक्षा के लिए बनाये गए परीक्षा केन्द्र में समुचित व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि जिले में 16870 असाक्षर परीक्षार्थियो का लक्ष्य था, प्राप्त जानकारी 15186 परीक्षार्थी ने महापरीक्षा में भाग लिया है। परीक्षा 23 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई थी।



संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068

**विरोध : पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में नई अंग्रेजी शराब दुकानों के प्रस्ताव का विरोध**

# शराब दुकान को लेकर बवाल, कोपरा में समर्थन और विरोध आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शराब दुकानों को लेकर माहौल गर्म है। जहां एक ओर पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में नई अंग्रेजी शराब दुकानों के प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया जा रहा है, वहीं नगर पंचायत कोपरा में इसके समर्थन और विरोध की जंग छिड़ गई है। गरियाबंद जिले के तीन ब्लॉक छुरा, गरियाबंद और मैनपुरपांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जहां परंपरागत आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के संवैधानिक प्रावधान हैं। जब स्थानीय लोगों को पता चला कि यहां अंग्रेजी शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव है, तो इसका तीखा विरोध शुरू हो गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 244(1) और पेसा अधिनियम 1996 के खिलाफ है। उन्होंने तर्क दिया कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना शराब दुकान खोलना गैरकानूनी होगा। इसके अलावा, शराब की उपलब्धता से घरेलू हिंसा, अपराध और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की आशंका जताई गई। वहीं दूसरी ओर, नगर पंचायत कोपरा में शराब दुकान खोलने के मुद्दे पर दो गुट बन गए हैं। कुछ लोग नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू से शराब दुकान खोलने की मांग कर रहे हैं, तो कुछ लोग इसके विरोध में खड़े हैं। समर्थकों का तर्क है कि इससे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी और नगर का व्यापार और व्यवसाय बढ़ेगा। वहीं, विरोधियों की चिंता है कि इससे सार्वजनिक जगहों पर माहौल खराब होगा, अपराध और असामाजिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू से जब समर्थकों ने दुकान खोलने की मांग की, तो उन्होंने इसे अनसुना कर दिया। बताया जा रहा है कि मांग करने पहुंचे लोगों पर वे भड़क उठे, जिससे माहौल और गर्म हो गया। इससे नाराज लोगों ने उनके रवैये पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।





### अवैध शराब बिक्री पर लगेगी रोक

शराब दुकान के समर्थन में सोशल मीडिया पर जमकर पोस्ट हो रहे हैं, जिसमें लोग नगर पंचायत से शराब दुकान खोलने की मांग कर रहे हैं। वे तर्क दे रहे हैं कि इससे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी और नगर का व्यापार और व्यवसाय भी बढ़ेगा। इस मुद्दे पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू का कहना है कि वे जन भावनाओं का सम्मान करते हैं, लेकिन उन्हें यह भी देखना है कि शराब दुकान खोलने से नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे। अब देखना यह होगा कि नगर पंचायत कोपरा इस मामले में क्या फैसला लेता है और क्या नगर में शराब दुकान खुलती है या नहीं। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस पूरे मामले में क्या फैसला लेता है। क्या पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में शराब दुकान खोलने के प्रस्ताव पर रोक लगेगी? और क्या कोपरा में इस विवाद का कोई हल निकलेगा? या फिर यह मुद्दा और ज्यादा गरमाएगा?

### शराब दुकान खोलने मदिरा प्रेमियों की मुहिम पर सोशल मीडिया समर्थन

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में 67 नए मदिरा दुकान खोलने के आदेश के बाद, नगर पंचायत कोपरा में शराब प्रेमियों और अवैध शराब बिक्री से परेशान लोगों ने शराब दुकान खोलने की मुहिम शुरू कर दी है।
नगरवासियों को जब यह पता चला कि नगर पंचायत कोपरा में मदिरा दुकान खोलने का प्रस्ताव नहीं दे रहा है, जिसके चलते शराब दुकान समीपस्थ ग्राम पाण्डुका में खोलने की तैयारी है, तो वे नगर पंचायत कोपरा की कार्य प्रणाली पर भड़क गए हैं।
नगरवासियों का मानना है कि जब शासन खुद शराब दुकान खोलना चाहता है, तो नगर पंचायत को आपत्ति किस बात की है।

**खबर संक्षेप**



### शिक्षक के निधन पर फेडरेशन द्वारा परिवार को 54375 रुपए की मदद की

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर द्वारा सहायक शिक्षक परमानंद ध्रुव के निधन पर उनके दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर 54 हजार 3 सौ 75 रूपए की आर्थिक मदद कर एक मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिंगेश्वर ब्लॉक के सैंकड़ों शिक्षकों ने परमानंद ध्रुव के आकस्मिक निधन पर एकजुट होकर 54375 रुपए एकत्रित किए और उनके परिवार को सांत्वना राशि प्रदान की। यह एक सुंदर उदाहरण है कि कैसे शिक्षक समुदाय एक दूसरे के सुख दुख में साथ खड़ा होता है और जरूरत के समय में सहयोग प्रदान भी करता है। शिक्षकों का यह सहयोग न केवल स्व. परमानंद धुरव की याद में एक श्रद्धांजलि थी, बल्कि यह भी दिखाता है कि शिक्षक समुदाय में एकता और सहयोग की भावना कितनी मजबूत है। स्वर्गीय परमानंद ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला पंडरीतराई ब्लॉक फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। श्रद्धांजलि एवं संवेदना कार्य मे ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ध्रुव, जितेंद्र पारधी, आसाराम रजक और अन्य शिक्षकों ने उनके गृह ग्राम पथरी विकासखंड धरसीवा जिला रायपुर में दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उनके पत्नी व बिटिया को सहयोग राशि भेंटकर पुण्य आत्मा के लिए दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वार्ड 8 की वाटर मशीन बंद चालू कराने सौंपा ज्ञापन

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया के जिला प्रभारी वरुण राठी ने नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित खराब व बन्द पड़ी वॉटर एटीएम मशीन को आम नागरिकों के लिये पुनः चालू करने सीएमओ अभनपुर को ज्ञापन सौंपा है। श्री राठी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पूर्व में यह मशीन चालू थी पर कुछ तकनीकी खराबी एवं उचित रख रखाव के अभाव के वजह से बन्द पड़ा हुआ है ,अंचल के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के बाजू एवं सब्जी मंडी के समीप में ही वाटर एटीएम मशीन जर्जर रूप मे पड़ी हुई है जिसके अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजन तथा आवाजाही करने वाले आमजनो को शुद्ध शीतल पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है परिणामरूवरूप लोग बाजार से बोतल बन्द पानी पीने के लिए मजबूर है। श्री राठी ने आगे भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बन्द पड़ी मशीन को जल्द से जल्द चालू करवाने की मांग की है।



## जागरूकता बढ़ाने यातायात पाठशाला की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नई पहल की है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में 'यातायात पाठशाला' की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं और आम जनता को यातायात नियमों से संबंधित 25 सवालों की एक प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए कहा जा रहा है। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में जागरूक करने के लिए जिले और अन्य जिलों में हुई दुर्घटनाओं की तस्वीरों और समाचार पत्रों की कतरनों को दिखाया जा रहा है। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाने और अन्य खतरनाक ड्राइविंग आदतों के खतरों के बारे में लोगों को शिक्षित किया जा रहा है। मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने और यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। लोगों को जल्दबाजी में ओवरटेक न करने और अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गरियाबंद पुलिस ने वाहन चालकों और आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और 'यातायात पाठशाला' का हिस्सा बनकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में पुलिस की मदद करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यातायात नियमों का पालन करके लोग न केवल अपनी सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि अपने परिवार की भी सुरक्षा कर सकते हैं। यह पहल निश्चित रूप से सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और गरियाबंद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगी।



## कलार समाज के वार्षिक सम्मेलन में पंचायत प्रतिनिधियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 किमी दूर ग्राम धवलपुर में कलार समाज वार्षिक सम्मेलन बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान सहस्त्र बाहु की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समाज के एक वर्श के आय व्यय की जानकारी दिया गया एवं नवनिर्वाचित पंच, उपसरपंचो एवं पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मान किय गया साथ ही समाज में शिक्षा और समाज के विकास के लिए जोर दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संरक्षक दिनुराम सिन्हा, अध्यक्ष अवधराम सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा, महामंत्री डायमंड सिन्हा, कोशाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, मंडलेश्वरी खेमलाल सिन्हा, शिवलाल सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, दसरू सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, वंशगोपाल सिन्हा, भरत सिन्हा, रामगुलाल सिन्हा, टिकेश्वरी सिन्हा, मानसिंह सिन्हा, भानु सिन्हा, महेन्द्र सिन्हा, दुलार सिन्हा, कुले"वरी सिन्हा, प्रदीप सिन्हा एवं सैकड़ों की संख्या में कलार समाज के लोग उपस्थित थे।

# लोगों को क्षय रोग के संबंध में किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला चिकित्सालय गरियाबंद में कार्यक्रम आयोजित कर विश्व क्षय दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं, रेडक्रास सोसायटी के वालेंटियर के द्वारा जेन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को गरियाबंद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन तथा पार्षद सुरेन्द्र सोनटेके द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पश्चात जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में क्षय रोग विषय पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार कीट प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। जिसे चिन्हाकिंत एवं समूह वाले क्षेत्रों तथा हाट बाजार टीबी खोज अभियान चलाकर प्राप्त किया जा रहा है। टीबी मुक्त करने जन समूह की सहभागिता को आवश्यक बताया गया। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। 7 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान तहत उच्च जोखिम समूह के संभावित मरीजों का स्क्रीनिंग कर जांच एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी राम यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गरियाबंद नगर सहित जिले को टी.बी. मुक्त करने के लिए सभी नागरिकों को सहयोग प्रदान करने की अपील की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम ने कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा।






### टीबी स्क्रीनिंग जांच का शुभारंभ

जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अमन कुमार हुमने ने बताया कि विश्व क्षय दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि टीबी रोग के लक्षण, जांच-उपचार संबंधी जानकारी दी। साथ ही दो हफ्ते से अधिक खॉसी होने पर अनिवार्य रूप से बलगम की जांच कराने की अपील की। इसके अलावा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी बारा, वरिष्ठ सर्जन डॉ. हरिश चौहान ने लोगों को स्कीन जांच कर सीवाय टीबी स्क्रीनिंग जांच का शुभारंभ किया गया। इससे टी.बी के संक्रमण का पता लगाकर आवश्यक उपचार देकर टीबी से बचाया जाता है। इस दौरान प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. टीसी पात्रे, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगडे, डॉ. सृष्टि यद्ु, डॉ. देवेन्द्र साहू, डॉ. योगेन्द्र रघुवंशी, डॉ.शंकर पटेल, श्री शेखर ध्रुव, टीबी यूनिट के भारत सिंह ठाकुर, ललित कुमार देवांगन, टौकेश साहू, धीरज कुमार शर्मा सतरूपा चंद्राकर, केके कृषाणु एवं एनएचएम/जिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमृत राव भोसले एवं भूपेश कुमार साहू के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# अर्जुन धनंजय शिक्षारत्न अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ शिक्षा, योग, स्काउटिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मान

श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कलयाणक रथयात्रा महोत्सव के शुभ मंगल प्रसंग पर शिक्षारत्न अलंकरण समारोह आयोजित की गई। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों के पैनल द्वारा विभिन्न मानकों के आधार पर चयनित सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को अलंकरण समारोह में सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के बीच नगर के शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को शिक्षा, योग, स्काउटिंग, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षारत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा एवं श्रीमती राम बाई सिन्हा के सुपुत्र, शिक्षक कला कुमार सिन्हा एवं विमला बाई सिन्हा के भतीजे हैं। वे शिक्षक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। ठेठवार यादव समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष शंकर लाल यदु, शाकंभरी मरार समाज प्रांतीय संचालक हेमलाल पटेल, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी पुरस्कार के सहभागी बने। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को सम्मानित किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, एडीपीओ बुद्धविलास सिंग, डीएमसी खेलसिंग नायक, एपीसी विल्सन थामस, योगेश पटेल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम, प्राचार्य एनसी साहू, केके साहू, राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक खोमन सिन्हा, शिक्षाविद केआर सिन्हा, बीएल तारक, एसआर निषाद, उखराज ध्रुवा, सीआर सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, समन्वयक खोरबाहरा निषाद, संतराम कंवर, यशवंत सिन्हा, त्रिलोक सेन, रामलाल टांडे, विनोद चंद्राकर, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स डीटीसी सुनील देहलहरे, विकासखण्ड सचिव लुकेश्वर प्रधान, धर्मेंद्र ठाकुर, किरन सारथी, थनेश्वरी यादव, बलराम देवांगन, चित्रलेखा नागेश, दुर्गेश साहू, एचआर साहू, राज्यपाल अवॉर्ड से सम्मानित स्काउट प्रवीण सिन्हा ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।



## सोनी समाज ने राजिम नपा अध्यक्ष व नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राधाकृष्ण मंदिर में सोनी समाज द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम एवं नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी का श्रीफल गमछा एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर समाज ने राजगुरू, सुखदेव, भगतसिंह को नमन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में राधेश्याम सोनी एवं विशेष अतिथि के रूप में यशवंत सोनी मौजूद थे। संचालन समाज के अध्यक्ष संजय सोनी ने किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सोनी, भोजराज सोनी, कुंदन सोनी, विक्रम सोनी का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर लोकेश सोनी, सुनील सोनी, सचिन सोनी, प्रभात सोनी, राजा सोनी, केजु सोनी, पवन सोनी, मनोज सोनी, सोनी, प्रेम सोनी, गोपी सोनी, मुरली सोनी, अशोक सोनी, वर्षा सोनी, मीना सोनी, नीता सोनी, सीमा सोनी, देवकी सोनी, भुनेश्वरी सोनी, भगवती सोनी, रजनी सोनी, सावित्री सोनी, कमला सोनी, जमुना सोनी, पूजा सोनी, नगीना सोनी, मधु सोनी, विभा सोनी मौजूद थे।





# 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनेगा : मदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रतिभा जायसवाल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 55 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

मदन मिश्रा ने बताया कि भारत को 2025 तक टीवी मुक्त बनाना है। इसी के तहत सभी नागरिकों को एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए टीवी उन्मूलन कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को टीवी कैसे होता है? उनके क्या-क्या लक्षण होते हैं और उनका 6 महीने के अंतर्गत कैसे दूर किया जाएगा इन सब की जानकारी प्रदान किया गया। प्रदूषण के कारण हमारी त्वचा में भी टीवी हो रहा है। टीबी एक संक्रामक रोग है 80% टीबी फेफड़ों में होता है जबकि 20% टीबी नाखून और बाल को छोड़कर बाकी शरीर में होता है। आज की आधुनिक युग में आंख कान हड्डियों की इंटर जॉइंट, एंकल जॉइंट्स में टीवी हो सकता है। शरीर के किसी हिस्से में गठान भी टीवी हो सकता है ।

आईएसबीएम के द्वितीय मुख्य अतिथि अशोक कुमार दीवान के द्वारा सभी विद्यार्थियों को टीबी मुक्त हेतु शपथ दिलाया गया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेंद्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, विकास साहू सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी, सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।




